प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

10 फरवरी 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निवेश के लिए स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग के तहत निवेश सीमा का आवंटन पुनः खोल दिया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 01 मार्च 2019 को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा निवेश के लिए स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) की शुरुआत की। अब तक तीन चरणों में वीआरआर के माध्यम से निवेश के लिए ₹1,50,000 करोड़ की ऑफर की गई थी; जिसमें से 10 फरवरी 2022 तक लगभग ₹1,49,995 करोड़ का लाभ उठाया जा चुका है। प्राप्त फीडबैक के आधार पर और सरकार के साथ परामर्श से, बैंक ने वीआरआर के तहत उपलब्ध निवेश सीमा में वृद्धि की है। वीआरआर निवेश सीमा में वृद्धि को आज दिनांक 10 फरवरी 2022 के ए.पी. (डीआईआर श्रृंखला) परिपत्र संख्या 22 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है।

निम्नलिखित विवरण के अनुसार बढ़ी हुई निवेश सीमा **01 अप्रैल 2022** से आवंटन के लिए खुली रहेगी: -

क. वीआरआर के तहत निवेश की सीमा बढ़ाकर **₹2,50,000 करोड़** कर दी गई है।

ख. नए आवंटन के लिए उपलब्ध निवेश सीमा तदनुसार **₹1,04,800 करोड़** (वर्तमान आवंटन और समायोजन का निवल) होगी; और वीआरआर-संयुक्त श्रेणी के तहत आवंटित किया जाएगा।

ग. न्यूनतम प्रतिधारण अवधि **तीन वर्ष** होगी।

घ. निवेश सीमा **'ऑन टैप'** पर उपलब्ध होगी और **'पहले आओ, पहले पाओ'** के आधार पर आवंटित की जाएगी।

ङ. सीमा पूरी तरह से आवंटित होने तक 'टैप' को खुला रखा जाएगा।

च. एफपीआई अपने संबंधित अभिरक्षकों के माध्यम से क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) को निवेश सीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

छ. सीसीआईएल आवेदन प्रक्रिया और आवंटन के परिचालन विवरण को अलग से अधिसूचित करेगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1701